

# कलेक्टर ने पेश की कार्यनिष्ठा की मिसाल

- पेड़ लगाने और जल बचत का संदेश दिया
- रात्रि चौपाल में कलेक्टर ने दिया ग्रामीणों को संदेश



**नवभारत न्यूज**
**नर्मदापुरम/सिवनी मालवा, 06 जून. प्रशासन आपके द्वार अभियान अंतर्गत आयोजित रात्रि चौपाल के दौरान कलेक्टर सोमेश मिश्रा का संवेदनशील नेतृत्व एवं कार्य के प्रति समर्पण देखने को मिला. ग्राम पंचायत चौतलाय में आयोजित रात्रि चौपाल में शामिल होने हेतु कलेक्टर समस्त विभागीय अधिकारियों के साथ सार्वजनिक वाहन बस द्वारा कार्यक्रम स्थल पहुंचे.यात्रा के दौरान कलेक्टर का अपने कर्तव्यों के प्रति समर्पण स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुआ.**

बस में यात्रा करते समय भी वे लैपटॉप के माध्यम से कार्यालयीन कार्यों का संपादन करते रहे. शासन द्वारा प्रदेशभर में लागू की गई ई-ऑफिस प्रणाली का प्रभावी उपयोग करते हुए कलेक्टर ने अपने दैनिक प्रशासनिक कार्यों को निरंतर जारी रखा.

प्रशासन आपके द्वारा अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंवाद एवं समस्याओं के निराकरण के लिए सक्रिय रहते हुए भी कलेक्टर ने यह संदेश दिया कि नागरिक सेवा एवं प्रशासनिक जिम्मेदारियों के निर्वहन में समय का सदुपयोग और कार्य के प्रति समर्पण अत्यंत महत्वपूर्ण है. यह दृश्य उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए भी प्रेरणादायी रहा, जिसमें एक ओर ईंधन की बचत एवं सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने का संदेश दिखाई दिया, वहीं दूसरी ओर प्रशासनिक कार्यों के प्रति जिम्मेदारी एवं अनुशासन का उत्कृष्ट उदाहरण भी देखने को मिला.

कलेक्टर ने ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित कार्यक्रम के दौरान बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के लिए पेड़ लगाने और जल बचत का संदेश दिया. कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थियों को साइकिलों का वितरण किया गया, जिससे छात्रों में खुशी की लहर दौड़ गई और उन्होंने प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया.ग्राम चौतलाय में कलेक्टर ने तालाबों के नामकरण और उनके महत्व पर चर्चा करते हुए जल स्रोतों के संरक्षण पर विशेष जोर दिया. उन्होंने जानकारी मिलने पर चिंता जताई कि गांव के दो तालाब अतिक्रमण की चपेट में हैं. इस पर कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि ग्रामीण दो दिनों के भीतर स्वेच्छा से अतिक्रमण हटा लें, अन्यथा पंचायत एवं राजस्व विभाग द्वारा कार्रवाई की जाएगी. उन्होंने कहा कि तालाबों का संरक्षण वर्षा जल संचयन के लिए अत्यंत आवश्यक है. रात्रि चौपाल के दौरान कलेक्टर ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं, जिसमें विभिन्न विभागों से कुल 51 आवेदन प्राप्त हुए.इनमें से कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया गया, जबकि शेष के शीघ्र निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए. साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ भी दिया गया, जिसमें आयुष्मान कार्ड, कृषि सामग्री, प्रमाण पत्र और पेंशन सहायता शामिल रही. कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए और सरकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचे.

# एकेडमिक हाइट्स प्रीमियर लीग का समापन

- टिमरनी ने हरदा को 57 रन से हराया

**हरदा, 06 जून. टिमरनी स्थित एकेडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल के खेल मैदान में चल रहे लेदर बॉल क्रिकेट कैंप के अंतर्गत हरदा प्रीमियर लीग का तीसरा मैच टिमरनी बी बनाम हरदा बी के बीच खेला गया । स्कूल संचालक सचिन बलवटे ने कहा ऐसे आयोजन से बच्चों में खेल भावना और आपसी मित्रता बढ़ती है ।**

इस मुकाबले में हरदा ने टॉस जीतकर टिमरनी को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया । टिमरनी ने निर्धारित 20 ओवर में 118 रन बनाए । टिमरनी की ओर से सलामी जोड़ी के रूप में जयंत भिलाला और रौनक दोगने ने टीम को मजबूत शुरुआत दी । दोनो ने मिलकर पहले विकेट की साझेदारी में 47 रन जोड़ दिए . रौनक ने अपनी ताबड़तोड़ बल्लेबाजी में एक छक्के और चार चौकों की मदद से 45 गेंदों पर 53 रनो की शानदार पारी खेली . इसके पश्चात हरदा की टीम ने की टीम ने लगातार अंतराल में विकेट झटकते हुए टिमरनी को ज्यादा बड़े लक्ष्य तक नहीं पहुंचने दिया .



निचले क्रम में जतिन कैथवास ने जरूर एक छक्के के साथ 6 गेंदों पर 10 रनो की कीमती पारी खेली . हरदा की ओर से सबसे सफल गेंदबाज राम ने 4 ओवरों में 15 रन खर्च करते हुए 4 विकेट हासिल किए . 119 रनो के लक्ष्य का पीछा करने उतरी हरदा की टीम ने तीन ओवर तक आधी हुई शुरुआत की . लेकिन इसके पश्चात टिमरनी के तेज गेंदबाज नितिन पंवार ने हरदा को पहला झटका 9 रनो के स्कोर पर ही दे दिया . अगले ही ओवर में टिमरनी के अन्य गेंदबाज लक्ष्य ने हरदा को 12 रनो के स्कोर पर एक और सलामी बल्लेबाज को आउट करते हुए दूसरा बड़ा झटका दिया .

हरदा का कोई भी बल्लेबाज दहाई के आंकड़े तक भी नहीं पहुंच पाया . टिमरनी की धारदार गेंदबाजी और तेज तर्रार क्षेत्र रक्षण के चलते हरदा की पूरी टीम 15 ओवर में 61 रन पर सिमट गई . टिमरनी ने यह मुकाबला 57 रनो से जीत लिया . टिमरनी की ओर से 53 रनो की पारी के साथ साथ एक विकेट और क्षेत्ररक्षण में एक रनआउट करते हुए रौनक दोगने ने शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन किया . इस हरफनमौला खेल के लिए उन्हें मैन आफ द मैच का पुरस्कार दिया गया . हरदा की ओर से बलराम , युवराज , चिरायु और वैभव ने भी अच्छी गेंदबाजी की . टिमरनी की ओर से पीयूष भारद्वाज , अनमोल कपूरे, केशव कौशल इत्यादि ने भी अच्छी गेंदबाजी करते हुए 2 - 2 विकेट लिए . प्राचार्य आशीष त्रिपाठी ने विजेताओं को बधाई दी . मैच में अतिथि के रूप में हरदा से पधारे जितेंद्र कुचवंदिया, चंदन शांगुल्य, टिमरनी से राकेश भिलाला , एकेडमिक हाइट्स पब्लिक से भावना बिल्लोरे कैम्प संयोजक प्रमोद सिंह एवं अन्य गणमान्य उपस्थित रहे .

## एक नजर में



### बुधनी में 5 किमी ग्रीन वॉकाथॉन आयोजित

**इटारसी, 06 जून.** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विश्व प्रसिद्ध ट्रिडेंट ग्रुप द्वारा और नगर परिषद बुधनी एवं पुलिस प्रशासन के सहयोग से बुधनी नगर में 5 किलोमीटर की ग्रीन वॉकाथॉन का सफल आयोजन किया गया. यह आयोजन ट्राइडेंट ग्रुप के चेयरमैन पद्मश्री राजिंदर गुप्ता जी एवं सीएसआर प्रमुख मधु गुप्ता जी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ. कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, वृक्षारोपण, प्लास्टिक मुक्त और हरित जीवनशैली के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना था. कार्यक्रम में ट्राइडेंट ग्रुप, नगर परिषद बुधनी, प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, कर्मचारियों एवं स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की. एसडीएम दिनेश तोमर जी, एसडीओपी रवि शर्मा जी, तहसीलदार ललित सोनी जी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी संतोष रघुवंशी जी, बुधनी थाना प्रभारी संदीप जाट जी, स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर अर्जुन मालवीय जी, ट्राइडेंट ग्रुप से नितिन मल्होत्रा जी , डॉ सतीश मिश्रा जी, अरविन्द गिरी जी सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे. ग्रीन वॉकाथॉन में ट्राइडेंट ग्रुप के अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ-साथ नगर परिषद के जनप्रतिनिधियों, खिलाड़ियों, युवाओं, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों और बुधनी के नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया. सभी प्रतिभागियों ने पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता एवं हरियाली बढ़ाने का संकल्प लेते हुए समाज को जागरूक रहने का संदेश दिया. कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल शासन-प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है. वृक्षारोपण, जल संरक्षण और स्वच्छता को जनआंदोलन बनाकर ही आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित एवं स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित किया जा सकता है.

### तेज बारिश और तूफान से माखननगर बेहाल

माखननगर, 06 जून. माखननगर क्षेत्र में शुक्रवार को दोपहर 2 बजे से 4 बजे के बीच आए तेज आंधी-तूफान और भारी वर्षा ने व्यापक तबाही मचाई. अचानक मौसम खराब होने के साथ तेज हवाएं चलने लगीं, जिन्होंने कुछ ही मिनटों में सामान्य जनजीवन को प्रभावित कर दिया. क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में बड़ी संख्या में पेड़ उखड़कर सड़कों और भवनों पर गिर गए, जिससे यातायात और दैनिक गतिविधियां बाधित हो गईं. सिरबाड़ रोड पर एक विशाल आम का पेड़ गिरने से सड़क पर आवागमन पूरी तरह बंद हो गया. वहीं पिपरिया मार्ग पर भी पेड़ गिरने के कारण कुछ समय तक वाहनों की आवाजाही प्रभावित रही. तेज हवाओं के चलते कई स्थानों पर वाहन चालकों को अपने वाहन रोकने पड़े. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हवा की गति इतनी तेज थी कि सड़क पर चलना तक मुश्किल हो गया था. आदिवासी छात्रावास परिसर में एक बड़ा पेड़ भवन पर गिर गया, जिससे भवन को नुकसान पहुंचा. हालांकि किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है. नगर के कई हिस्सों में दुकानों के साइन बोर्ड, होर्डिंग और टिन शेड उड़ गए. बिजली और संचार सेवाओं पर भी इसका असर देखा गया. ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों को सबसे अधिक नुकसान हुआ है. आम की तैयार फसल तेज हवा और बारिश के कारण जमीन पर गिर गई, जिससे बागवानों को भारी आर्थिक क्षति पहुंची है. कई खेतों में खड़ी फसलें भी प्रभावित हुई हैं. किसानों का कहना है कि मौसम की इस मार ने उनकी मेहनत पर पानी फेर दिया है. स्थानीय प्रशासन द्वारा नुकसान का प्रारंभिक आकलन शुरू कर दिया.

# सीड बॉल का छात्रों को मिला प्रशिक्षण

**नवभारत न्यूज**
**नर्मदापुरम, 06 जून. शासकीय गृहविज्ञान स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय, नर्मदापुरम में स्वामी विवेकानंद मार्गदर्शन प्रकोष्ठ, राष्ट्रीय सेवा योजना, अंकुर समिति एवं एक पेड़ मां के नाम अभियान के संयुक्त तत्वावधान में विश्व पर्यावरण दिवस से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस तक विशेष सेवा एवं जनजागरूकता पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। प्राचार्या डॉ. कामिनी जैन के मार्गदर्शन में चल रहे इस अभियान के अंतर्गत छात्राओं को सीड बॉल निर्माण का प्रशिक्षण प्रदान किया गया.**



प्रशिक्षण के दौरान स्वयंसेवी छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सीड बॉल तैयार किए. इस गतिविधि का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता संवर्धन तथा वर्षा ऋतु में अधिकाधिक पौधों के विकास को बढ़ावा देना है. महाविद्यालय में इस दौरान वृक्षारोपण, बीज संग्रहण एवं संरक्षण, पर्यावरण जागरूकता तथा स्वच्छता संबंधी विभिन्न गतिविधियाँ भी संचालित की जा रही हैं. प्राचार्या डॉ. कामिनी जैन ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण प्रत्येक व्यक्ति की सतत जिम्मेदारी है और विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी से इस दिशा में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है. स्वामी विवेकानंद मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. संगीता अहिरवार ने सीड बॉल निर्माण को पर्यावरण संरक्षण का सरल एवं प्रभावी माध्यम बताया. अंकुर समिति प्रभारी एवं टीपीओ डॉ. रागिनी सिकरवार ने कहा कि छोटे-छोटे प्रयास भी बड़े बदलाव का आधार बनते हैं तथा ऐसी गतिविधियाँ विद्यार्थियों में प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता विकसित करती हैं. राष्ट्रीय सेवा योजना की जिला संगठक डॉ. हर्षा चचाने ने कहा कि यह पखवाड़ा युवाओं में पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने का प्रभावी माध्यम है. कार्यक्रम में महाविद्यालय का स्टाफ एवं छात्राएँ उपस्थित रहीं. सभी ने पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य के निर्माण हेतु सक्रिय सहभागिता निभाने का संकल्प लिया.

## 11 जून को लगेगा युवा संगम रोजगार मेला

**नर्मदापुरम, 06 जून.** कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिला प्रशासन एवं जिला रोजगार कार्यालय द्वारा शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से युवा संगम रोजगार एवं स्वरोजगार मेले का आयोजन 11 जून 2026 को किया जाएगा. यह रोजगार मेला शासकीय गृह विज्ञान महाविद्यालय, नर्मदापुरम में आयोजित होगा. मेले के माध्यम से युवाओं को विभिन्न निजी कंपनियों एवं स्वरोजगार योजनाओं से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा, जिससे उन्हें रोजगार प्राप्त करने में सहायता मिल सके. कलेक्टर द्वारा रोजगार मेले के सुचारु संचालन के लिए अधिकारियों को विभिन्न दायित्व सौंपे गए हैं. मेले का संपूर्ण प्रभार अपर कलेक्टर नर्मदापुरम बृजेंद्र रावत को दिया गया है. इसके अलावा आयोजन संबंधी अन्य व्यवस्थाओं एवं समन्वय कार्यों के लिए भी अधिकारियों की ड्यूटी निर्धारित की गई है.

# गांवों के बच्चों ने खेल-खेल में सीखीं रचनात्मक गतिविधियां



**माखननगर, 06 जून.** एकिडना फाउंडेशन के वित्तीय और एकलव्य फाउंडेशन के अकादमिक सहयोग से संचालित एग्री प्रोजेक्ट के तहत ब्लॉक के 10 गांवों के शिक्षा प्रोत्साहन केंद्रों पर पांच दिवसीय समर कैंप संपन्न हुआ.

1 से 6 जून तक चले इस कैंप में शासकीय प्राथमिक शालाओं के 185 से अधिक बच्चों ने भाग लिया. इसमें ओरिगामी,आर्ट-क्राफ्ट, बाल अखबार, कहानी-कविता लेखन, मिट्टी के खिलौने, नेचर जर्नलिंग, सामूहिक भोज और विज्ञान प्रयोग जैसी गतिविधियां कराई गईं, जिसमें बच्चों को बहुत मजा आया और बच्चों में टीम भावना और रचनात्मकता का विकास हुआ. कैंप का संचालन स्थानीय युवा संचालिकाओं संजना, योगिता,नीतू, प्रतिभा,अंशु, खुशी, पिंकी,राधा, रुकमणी, और सरिता ने किया. वहीं, एकलव्य फाउंडेशन की टीम से मुकेश, रामभरोस, नीति और श्रद्धा ने अकादमिक सहयोग दिया. ग्रामीण और अभिभावकों ने भी उपस्थित होकर बच्चों के उत्साह वर्धन किया और कौशल की सराहना की.

# शराब संग आरोपी गिरफ्तार

**हरदा, 06 जून.** हरदा जिले की थाना छीपाबड़ पुलिस ने अवैध शराब के कारोबार पर प्रभावी प्रहार करते हुए 60 लीटर हाथ भट्टी से निर्मित कच्ची महुआ शराब जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है. यह कार्रवाई शुक्रवार रात मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर की गई. पुलिस को सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्राम चारूवा निवासी एक व्यक्ति चारूवा रोड स्थित नहर के पास अवैध कच्ची महुआ शराब लेकर खड़ा है. सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष सिंह चौहान ने मामले को गंभीरता से लेते हुए एक विशेष टीम का गठन किया और तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए. पुलिस टीम ने बताए गए स्थान पर पहुंचकर घेराबंदी की और संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ लिया.

पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना नाम रामचन्द्र पिता मोतीराम भुसारे, उम्र 58 वर्ष, निवासी ग्राम चारूवा बताया. तलाशी लेने पर उसके कब्जे से चार प्लास्टिक की कुप्पियां बरामद हुईं. प्रत्येक कुप्पी में 15-15 लीटर हाथ भट्टी से बनी कच्ची महुआ शराब भरी हुई थी. कुल 60 लीटर शराब की बरामदगी हुई, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत लगभग 12 हजार रुपये बताई गई है. पुलिस ने मौके पर ही शराब को जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया. उसके विरुद्ध अपराध क्रमांक 283/26 के तहत आबकारी अधिनियम की धारा में मामला दर्ज किया गया है.

# बिजली कटौती से इटारसी में जनजीवन बेहाल

- भीषण गर्मी में पांच घंटे बिजली गुल
- भीषण गर्मी ने लोगों की मुश्किलें और बढ़ा दी

**इटारसी 06 जून. करीब पांच घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा. सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक चली इस कटौती के दौरान भीषण गर्मी ने लोगों की मुश्किलें और बढ़ा दीं. बिजली बंद रहने से न केवल घरेलू कार्य प्रभावित हुए बल्कि पेयजल आपूर्ति, व्यापारिक गतिविधियां और विद्यार्थियों की पढ़ाई भी प्रभावित हुई.**

जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पाण्डेय ने विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं. उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के मौसम में बिजली लोगों की मूलभूत आवश्यकता बन चुकी है. ऐसे समय में घंटों बिजली बंद कर देना आम नागरिकों के साथ अन्याय है. उन्होंने कहा कि यदि मेंटेनेंस कार्य आवश्यक था तो इसकी पूर्व सूचना लोगों तक प्रभावी तरीके से पहुंचाई जानी चाहिए थी ताकि नागरिक वैकल्पिक व्यवस्था कर सकें. शिवाकांत पाण्डेय ने कहा कि बिजली कटौती का असर केवल घरों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि पेयजल व्यवस्था, विद्यार्थियों की पढ़ाई, छोटे व्यापारियों के कारोबार और मरीजों की सुविधाओं पर भी पड़ता है.

उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार विकास और बेहतर व्यवस्थाओं के दावे करती है, लेकिन जमीनी स्तर पर लोग अब भी अघोषित बिजली कटौती की समस्या से जूझ रहे हैं. नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कन्हैया गोस्वामी ने भी बिजली व्यवस्था को लेकर नाराजगी जताई. उन्होंने कहा कि इटारसी के नागरिक वर्षों से बिजली कटौती की समस्या झेल रहे हैं. हर साल मेंटेनेंस के नाम पर बिजली बंद की जाती है और करोड़ों रुपये खर्च होने के दावे किए जाते हैं, लेकिन गर्मी आते ही समस्याएं फिर सामने आ जाती हैं. इससे व्यवस्थाओं की प्रभावशीलता पर सवाल खड़े होते हैं.

उन्होंने कहा कि शुक्रवार की कटौती के कारण घरों में पानी की समस्या खड़ी हो गई, व्यापारियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा और छोटे उद्योगों का काम प्रभावित हुआ. कांग्रेस नेताओं ने मांग की है कि विद्युत विभाग बिजली आपूर्ति को सुचारु बनाने के लिए ठोस कदम उठाए और अघोषित कटौती पर रोक लगाए. साथ ही चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो जनता के साथ मिलकर चरणबद्ध आंदोलन शुरू किया जाएगा.

**विस्तृत चर्चा** — जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का किया आह्वान

# बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने पर जोर

**नवभारत न्यूज**
**हरदा, 06 जून. भाजपा हरदा नगर मंडल की कामकाजी बैठक सम्पन्न हुई. मंडल अध्यक्ष नितेश बादर ने बताया कि बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों, आगामी कार्यक्रमों एवं मंडल स्तर पर पार्टी को और अधिक मजबूत बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई.**




बैठक में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष राजेश वर्मा एवं पूर्व केबिनेट मंत्री कमल पटेल का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ. उन्होंने कार्यकर्ताओं को संगठन की रीति-नीति एवं जनहितकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने का आह्वान किया. आगामी कार्यक्रम मोदी सरकार के 12 वर्ष के उपलक्ष्य में संपन्न होने वाले कार्यक्रमों की रुपरेखा तय कर सभी जिम्मेदारी सौपी गई तथा बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत एवं सरकार की सभी जनकल्याणकरी योजनाओं का जनता तक पहुँचे इस पर जोर दिया गया मंच संचालन महामंत्री सौरभ तिवारी ने एवं अंत मे आभार महामंत्री पुरुषोत्तम झिंझोरे ने किया . बैठक में मंडल प्रभारी गयाप्रसाद पांडे,जिला महामंत्री बसंत राजपूत ,मनसुख लोहाना, गजानंद डाले , नवीन असरानी , लक्ष्मण राजपूत , उमेश चोलकर , भूपेंद्र तोमर , प्रदीप सोनी , लोकेश मराठा , संजय लोकवाणी, सुनील वाघेला सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे.+

## खाद के दामों में हुई बढ़ोतरी

**नर्मदापुरम, 06 जून.** रबी सीजन में खाद की कमी से जूझ चुके किसानों को अब खरीफ सीजन से पहले महंगाई का नया झटका लगा है. रासायनिक उर्वरकों की नई दरें जारी होने के बाद किसानों की चिंता बढ़ गई है. पोटाश और एनपीके खाद के दामों में हुई बढ़ोतरी से खेती की लागत बढ़ने की आशंका है. नई दरों के अनुसार पोटाश खाद की कीमत 1800 रुपये प्रति बोरी से बढ़कर 1975 रुपये हो गई है। वहीं एनपीके खाद के दाम 1900 रुपये से बढ़कर 2450 रुपये प्रति बोरी तक पहुंच गए हैं. एनपीके खाद में 550 रुपये प्रति बोरी की वृद्धि दर्ज की गई है. इस समय कई किसान ग्रीष्मकालीन मूंग की कटाई में लगे हुए हैं, जबकि अन्य किसान खरीफ फसलों की तैयारी कर रहे हैं.

# सांप की तस्करी करते बुजुर्ग गिरफ्तार

- वन विभाग और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई

**नर्मदापुरम, 06 जून. डायल 112 की सूचना पर देहात थाना क्षेत्र के सतवासा इलाके में पुलिस ने दुर्लभ प्रजाति के रेड सैंड बोआ की तस्करी करते हुए एक 65 वर्षीय बुजुर्ग को गिरफ्तार किया है. आरोपी की पहचान ओमप्रकाश गौर के रूप में हुई है, जो हरदा जिले के सिराली क्षेत्र स्थित ग्राम महेंद्र का निवासी बताया गया है.**

आरोपी एक डिब्बे में दुर्लभ दोमुंहा सांप को लेकर उसकी बिक्री के लिए घूम रहा था.सूचना मिलने पर पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया और सांप को अपने कब्जे में ले लिया. गिरफ्तारी के बाद आरोपी को देहात थाने लाया गया, जहां वन विभाग की टीम को बुलाकर सांप की पहचान और उससे संबंधित तथ्यों की पुष्टि कराई गई. प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी इस दुर्लभ वन्यजीव को बेचने की फिराक में था.



अब पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि उसने सांप को कहां से पकड़ा था और इसे किस ग्राहक तक पहुंचाया जाना था. साथ ही तस्करी के इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भी तलाश की जा रही है.

पुलिस और वन विभाग की संयुक्त कार्रवाई के बाद आरोपी का मेडिकल परीक्षण कराया गया है. इसके बाद उसे न्यायालय में पेश कर आगे की कानूनी कार्रवाई की गई .आरोपी के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण से संबंधित धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया गया है. गौरतलब है कि रेड सैंड बोआ को आम बोलचाल में दोमुंहा सांप कहा जाता है, क्योंकि इसकी पूंछ और सिर एक जैसे दिखाई देते हैं. भारत में इस दुर्लभ सांप को पकड़ना, रखना, बेचना या इसकी तस्करी करना गंभीर अपराध माना जाता है. इस सांप को लेकर लंबे समय से यह अफवाह प्रचलित है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत करीब 2 करोड़ रुपये तक होती है.